# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–23.09.2025 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लेने का किया आह्वान, 25 सितंबर को श्रमदान करने और स्वदेशी भावना से जुड़ने की अपील की।**
2. **केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा में जीएसटी बचत उत्सव और स्वदेशी अभियान के तहत बाजारों का किया दौरा, कहा–त्योहारी सीजन में बाजारों में रौनक लौटी।**
3. **हजारीबाग में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार शिविर का हुआ आयोजन हुआ, सांसद मनीष जायसवाल ने कहा–केंद्र सरकार का यह अभियान महिलाओं को देगा हर संभव मदद।**
4. **रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिवाली और छठ पर्व के दौरान बारह हज़ार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाने की घोषणा की, रांची समेत 29 मंडलों में 95 प्रतिशत ट्रेनें समय पर परिचालित।**
5. **मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में अगले दो दिनों तक जारी किया येलो अलर्ट, भारी वर्षा के साथ तेज हवा, गरज और आकाशीय बिजली गिरने की दी चेतावनी।**

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में वर्ष 2023 के 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किए। फिल्म निर्माण और उत्कृष्ट अभिनय के लिए विभिन्न श्रेणियों में ये पुरस्कार प्रदान किए गए। महान अभिनेता, निर्देशक और निर्माता, मोहनलाल को सिनेमा क्षेत्र का सर्वोच्च सम्मान, दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मादी ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी करने के लिए देश के लोगों का आह्वान किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इसे एक प्रेरक पहल बताया। यह पहल समेकित जिम्मेदारी और राष्ट्रीय गौरव की भावना दर्शाती है। उन्होंने स्वच्छता उत्सव से लोगों से जुड़ने और 25 सितम्बर सुबह आठ बजे श्रमदान करने का आग्रह किया। 25 सितम्बर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती भी है।

*******************

कोडरमा में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने जीएसटी बचत उत्सव और स्वदेशी अभियान के तहत बाजारों का दौरा किया और व्यापारियों और आम लोगों से संवाद किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से समाज का हर वर्ग उत्साहित है और त्योहारी सीजन में बाजारों में रौनक लौट आई है।

*******************

भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में कल से लागू किए गए अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार एक बड़ा कदम हैं। विभिन्न प्रकार की वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके ये सुधार लोगों को काफी राहत प्रदान करेंगे। एक रिपोर्ट–

*******************

हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार शिविर का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में महिलाएं स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचीं। शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ–साथ सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने निरीक्षण के दौरान कहा कि केंद्र सरकार का यह महत्वाकांक्षी कार्यक्रम महिलाओं को हर संभव मदद पहुंचाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

*******************

झारखंड में टीएसपीसी नक्सली संगठन के सब–ज़ोनल कमांडर नगीना को उत्तर प्रदेश एटीएस ने गिरफ्तार किया। नगीना के खिलाफ यूपी में भी नक्सल और आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस प्रवक्ता माइकल राज ने बताया कि पलामू में बीते दिनों हुई मुठभेड़ में नगीना फरार हो गया था।

*******************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि यात्रियों की सुविधा के लिए दिवाली और छठ पर्व के दौरान बारह हज़ार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जाएँगी। आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, श्री वैष्णव ने कहा कि ये विशेष रेलगाड़ियाँ पहली अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच चलेंगी। उन्होंने कहा कि रेलवे के 29 मंडलों में रेल संचालन में 95 प्रतिशत गाड़ियां समय के अनुसार चल रही हैं। इन मंडलों में रांची, मालदा, नागपुर, कोटा, जयपुर, राजकोट, बीकानेर और अहमदाबाद शामिल हैं।

*******************

राजधानी रांची में ईडी की टीम ने जमीन घोटाले मामले में आज कई ठिकानों पर छापेमारी की। कांके रिजॉर्ट के संचालक के यहां कई महत्वपूर्ण कागजात और भारी मात्रा में कैश बरामद हुआ, जिसे गिनने के लिए नोट काउंटिंग मशीन भी मंगाई गई।

******************

गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट में डीएमएफटी फंड की राशि से विभिन्न कार्य किये जा रहे हैं।

******************

राज्य के कई जिलों में अगले दो दिनों तक भारी वर्षा होने की संभावना है, जिसके मद्देनजर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला–खरसावां समेत आसपास के क्षेत्रों में तेज हवा, गरज और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

******************

हैदराबाद में 26–29 सितंबर तक आयोजित होने वाली 17वीं राष्ट्रीय अंडर–12 मिनी हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए शिवम उरांव, प्रेम मुंडा और अभय मुंडा का चयन हुआ। चयन 17 अगस्त को टाटा में आयोजित ओपन चयन ट्रायल में प्रदर्शन के आधार पर किया गया।

******समाप्त********